भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3042
जिसका उत्तर 16.12.2021 को दिया जाना है
पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतमाला परियोजना

3042. श्री विनसेंट एच. पाला:
श्री कृपानाथ मल्लाह:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) भारतमाला परियोजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;
(ख) असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस परियोजना के अंतर्गत राज्य-वार कौन-कौन सी परियोजनाएं शुरू और पूर्ण की गईं;
(घ) असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस परियोजना के अंतर्गत अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई;
(ड.) असम में इस परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रूप में घोषित सड़कों का ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या सरकार द्वारा इस परियोजना के तहत असम में बदरपुरघाट – ममित सड़क और सिलचर से कनैल बाजार सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है अथवा घोषित किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और इस प्रयोजनार्थ क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) भारत सरकार ने लगभग 9,000 किमी लंबे आर्थिक गलियारों , लगभग 6,000 किमी लंबी इंटर-कॉरिडोर और फीडर सड़कों, लगभग 5,000 किमी लंबाई की राष्ट्रीय कॉरिडोर दक्षता में सुधार, लगभग 2,000 किमी लंबाई की सीमावर्ती और अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कें, लगभग 2,000 किमी लंबाई की तटीय और बंदरगाह की संपर्कता सड़कें, एक्सप्रेसवे की लगभग 800 किमी लंबाई के विकास के लिए 5,35,000.00 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय पर लगभग 34,800 किमी (10,000 किमी के अवशिष्ट एनएचडीपी खंडों सहित) की कुल लंबाई के साथ, अक्टूबर, 2017 में भारतमाला परियोजना चरण - I को मंजूरी दी थी।

(ख) से (घ) 1,371 किमी की लंबाई वाली परियोजनाओं को असम सहित पूर्वोत्तर में भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत सौंपा गया है, जिनमें से 27 किमी की लंबाई पूरी कर ली गई है।
राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

राज्य	**कुल**		**सौंपे गये**	
	लंबाई (किमी)	**कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये में)**	**लंबाई (किमी)**	**कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये में)**
असम	512	15,523	225	10,635
मणिपुर	607	10,015	387	7,116
मेघालय	128	2,218	128	2,218
मिजोरम	361	6,370	361	6,370
नगालैंड	193	3,398	193	3,398
त्रिपुरा	75	1,075	75	1,075

(ड़) असम राज्य में 3 राष्ट्रीय राजमार्ग (715के, 137 और 137जी) घोषित किए गए हैं।

(च) असम राज्य में बदरपुरघाट-ममित रोड और सिलचर-कनैलबाजार रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं किया गया है। मंत्रालय समय-समय पर संपर्क की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता, और निधियों की उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा पर विचार करता है।

*****